# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद (छ0ग0)

पत्र क्रं./ एनएचएम/संविदा भर्ती/2023/5870 बालोद दिनांक 05/09/2023

**दिनांक 01/09/2023 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विज्ञापित संविदा भर्ती के भिन्न – भिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किये जाने के संबंध में।**

----0000----

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के विज्ञप्ती कमांक/एन.एच.एम/संविदा भर्ती विज्ञापन/2023/5869 बालोद दिनांक 05/09/2023 के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन निर्धारित प्रपत्र में आवेदन बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुराना जिला अस्पताल परिसर में आमंत्रित किया गया है। तत्संबंध में समस्त पदों, Medical officer (Male), Medical officer (RBSK Female), Nursing officer – NMHP, Sr. Nursing officer, Pharmacist (RBSK), RMNCH Counsellor, Social Worker, OT Technician, Physiotherepist/Occupational Therepist, Jr. Secretarial Asistant (DEO) (NHM), HWC Sangwari (Counsellor), HWC Sangwari (DEO), Jr. Secretarial Asistant (PADA), Laboratory Technicians (DPHL IDSP), Lab Attendant/Assistant (DPHL IDSP), Staff Nurse (NRC), Nursing Officer NHM (SN), Staff Nurse (SNCU), Staff Nurse (NBSU), Nursing Officer- ICU, Community Health Officer (CHO), MPW- Male (UHWC), Jr. Secretarial Asistant (UHWC), Staff Nurse (UHWC), 4th Class (UHWC), ANM (HWC), Peer Supporter, Security Guard, Support Staff House Keeping Staff), Blood Bank Counselor & Lab Supervisor (STLS) पर दिनांक 06/09/2023 से 20/09/2023 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। तदसंबंध में उक्त संविदा भर्ती विज्ञापन का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है।

**(विस्तृत पदो से संबंधित जानकारी, बालोद जिले के वेब पोर्टल www.balod.gov.in में देख व डाउनलोड किया जा सकता है।)**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

# कार्यालय
# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-बालोद (छ.ग.)

Email-cmobalod@gmail.com

क्र./एन.एच.एम./संविदा भर्ती विज्ञापन/2023/5869 बालोद, दिनांक 5/09/2023

## = संविदा भर्ती विज्ञापन =

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला बालोद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जिले की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति, जिला बालोद छ.ग. के अंतर्गत निम्न संविदा पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। इस हेतु इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 06/09/2023 से 20/09/2023 तक शाम 05.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद में (कार्यालयीन दिवसो में) आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात् तथा साधारण डाक/कोरियर व अन्य माध्यम से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

जिला स्तरीय पद व आरक्षणवार रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

### भाग-अ

### तालिका "अ"

| क्र | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | एकमुश्त वेतनमान (रूपये में) | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | कुल रिक्तियों में छ.ग. के स्थानीय निवासी निःशक्त जनों के लिए आरक्षित पद | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | अ.जा. | | अजजा | | अपिव | | | |
| | | | | मु. | म. | मु | म. | मु | म | मु. | म | | |
| 1 | Medical officer (RBSK Female) | 3 | 25000 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From any GOI recorgnized (BAMS/BHMS/ BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration board. |
| 2 | Medical officer (RBSK Male) | 1 | 25000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From any GOI recorgnized (BAMS/BHMS/ BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration board. |
| 3 | Physiotherepist/Occupational Therepist | 6 | 18000 | 3 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त वि.वि. से स्नातक फिजियोथेरेपी उत्तीर्ण एवं छ.ग. फिजियोथेरेपी कांउसिल में जीवित पंजीयन. |
| 4 | Nursing Officer - NMHP | 1 | 16500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड एवं मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में 02 वर्ष का अनुभव। |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Sr. Nursing Officer | 1 | 31500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | एम.एस.सी. साइकेट्रिक नर्सिंग अथवा बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ डिप्लोमा इन साईकेट्रिक नर्सिंग (नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है) के साथ 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव। वांछित डिप्लोमा इन कम्प्युनिटी मेंटल हेल्थ (साईकेट्रिक नर्सिंग) को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| 6 | Jr. Secretarial Asistant (PADA) | 5 | 12000 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 12 वी पास के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से 01 वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्युटर एप्लीकेशन. |
| 7 | Jr. Secretarial Asistant (DEO) | 1 | 12000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 12 वी पास के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से 01 वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्युटर एप्लीकेशन. |
| 8 | HWC Sangwari (Cunsellor) | 1 | 13500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से मास्टर इन सोशल वर्क (MSW) उर्त्तीण. |
| 9 | HWC Sangwari (DEO) | 1 | 13500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से PGDCA उर्त्तीण. |
| 10 | RMNCH Counsellor | 1 | 12000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | PG Degree/Diploma in phychology/counselling/Health Education/Mass Communication/Social Science. |
| 11 | Pharmacist (RBSK) | 1 | 10000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. बी फार्मा. उर्त्तीण अथवा 2. डी फार्मा. उर्त्तीण एवं छ.ग. फार्मेसी काउंसिल में जीवित पंजीयन (अतिम प्रावीण्य सूची प्राथमिकता कम में उपरोक्त सरल कमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 12 | Social Worker | 1 | 22000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | एम.फिल साईकाईट्रिक सोशल वर्क को प्राथमिकता दी जावेगी उक्त योग्यता न मिलने की दशा में मास्टर ऑफ सोशल वर्क (रेगुलर) को प्राथमिकता दी जावेगी। |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Lab Supervisor (STLS) | 1 | 17500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. Graduate.<br>2. Diploma in Medical Laboratory technology or equivalent from a govt recognized institution.<br>3. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler<br>4. Cretificate course in computer operations (Minimum two months)<br>**Desireable Qualification** – Minimum one year experience in RNTCP |
| 14 | Laboratory Technicians (DPHL IDSP) | 4 | 14000 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. बी.एम.एल.टी. कोर्स के साथ छ.ग. पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन<br>2. डी.एम.एल.टी. अथवा पैथालॉजी में पैरामेडिकल कोर्स पास के साथ छ.ग. पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित स्थायी पंजीयन<br>(अंतिम प्रावीण्य सूची प्राथकिमता क्रम में उपरोक्त सरल क्रमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 15 | Lab Attendant/Assistant (DPHL IDSP) | 2 | 12000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. Matriculation(12th pass) From Recognized Board. Preference Can be given to candidate done 01 year course of lab tecnnician<br>2. Only private and Gov. health facility experience should be considered. |
| 16 | OT Technician | 1 | 14000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. 12th Passed with Biology, Chemistry & Physics.<br>2. Paramedical Course in OT Technician & Live Registration From C.G. Paramedical Council. |
| 17 | Nursing Officer-NHM (SN) | 6 | 16500 | 3 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग के साथ छ.ग. नर्सिंग में जीवित स्थायी पंजीयन<br>2. जी.एन.एम. कोर्स पास के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित स्थायी पंजीयन |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | (अंतिम प्रावीण्य सूची प्राथकिमता कम में उपरोक्त सरल कमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 18 | Staff Nurse (NRC) | 3 | 16000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग के साथ छ.ग. नर्सिंग में जीवित स्थायी पंजीयन<br>2. जी.एन.एम. कोर्स पास के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित स्थायी पंजीयन<br>(अंतिम प्रावीण्य सूची प्राथकिमता कम में उपरोक्त सरल कमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 19 | Nursing Officer –ICU | 2 | 16500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग के साथ छ.ग. नर्सिंग में जीवित स्थायी पंजीयन<br>2. जी.एन.एम. कोर्स पास के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित स्थायी पंजीयन<br>(अंतिम प्रावीण्य सूची प्राथकिमता कम में उपरोक्त सरल कमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 20 | Staff Nurse – NBSU | 7 | 16000 | 3 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग के साथ छ.ग. नर्सिंग में जीवित स्थायी पंजीयन<br>2. जी.एन.एम. कोर्स पास के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित स्थायी पंजीयन<br>(अंतिम प्रावीण्य सूची प्राथकिमता कम में उपरोक्त सरल कमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 21 | Staff Nurse – SNCU | 1 | 16500 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग के साथ छ.ग. नर्सिंग में जीवित स्थायी पंजीयन<br>2. जी.एन.एम. कोर्स पास के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | जीवित स्थायी पंजीयन (अंतिम प्रावीण्य सूची प्राथकिमता क्रम में उपरोक्त सरल क्रमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 22 | ANM (HWC) | 1 | 12000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 12वी पास उत्तीण होना चाहिए एवं मान्यता प्राप्त संस्था से एएनएम कोर्स उत्तीण एवं छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के तौर पर पंजीयन अनिवार्य है। |
| 23 | Staff Nurse (UHWC) | 3 | 16500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग के साथ छ.ग. नर्सिंग में जीवित स्थायी पंजीयन<br>2. जी.एन.एम. कोर्स पास के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित स्थायी पंजीयन<br>(अंतिम प्रावीण्य सूची प्राथकिमता क्रम में उपरोक्त सरल क्रमांक 01 उपरांत 02 अनुसार बनाई जावेगी) |
| 24 | Community Heatlh Officer (CHO) | 08 | 16500 | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | B.Sc. (Nursing) Post basic (Nursing) Or GNM Course Passed & Live Chhatishgarh Nursing Registration Council with Bridge Course Pass Certificate Or B.sc (Nursing) Or Post basic (B.sc Nursing) in Community Health Interated Course Passed and live Chhatishgarh Nursing Regitration Council. |
| 25 | MPW-Male (UHWC) | 3 | 14000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 12 वी पास के साथ 01 साल का डिप्लोमा इन मल्टीपरपस वर्कर प्रशिक्षण अथवा राज्य शासन से मान्यता प्राप्त समकक्ष प्रशिक्षण एवं छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित स्थायी पंजीयन अनिवार्य है। |
| 26 | Jr. Secretarial Asistant (UHWC) | 3 | 12000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 12 वी पास के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से 01 वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्युटर एप्लीकेशन. |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | 4th Class (UHWC) | 3 | 10000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 10 वी पास. |
| 28 | Peer Supporter | 1 | 10000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | पियर सर्पोटर पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हेपेटाइटिस बी अथवा हेपेटाइटिस सी से रिकवर होना चाहिये, इसके साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से 12 वी कक्षा उत्तीण एवं स्थानीय भाषा के साथ इंगलिश भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य है। |
| 29 | Security Guard | 4 | 10000 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10वी उत्तीण<br>(2) अभ्यर्थी की न्यूनतम उंचाई 160 सेमी होना अनिवार्य होगा।<br>(3) अभ्यर्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो इस हतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा।<br>(4) किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय/निजी संस्था में सेक्यूरिटी गार्ड के रूप में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा। शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था के अनुभव को अंक प्रदान किया जायेगा तथा निजी संस्था के अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थी को पात्र किया जायेगा। किन्तु अनुभव का अंक सम्मिलित नहीं किया जाना है।<br>(5) आयु सीमा 21 वर्ष 40 वर्ष होगी तथा अ.जा. एवं अ.ज.जा. वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 05 वर्ष की छुट होगी।<br>(6) अभ्यर्थी द्वारा निवास ग्राम /शहर अनुसार सरपंच/वार्ड पार्षद द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। |
| 30 | Support Staff ( House Keeping Staff) | 8 | 8800 | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 08 वी कक्षा उत्तीण. |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | Blood bank Counselor | 1 | 13000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Essential Qualification- Post Graduation in Social work/Sociology/Phychology/ Anthropology/Human Development. Desirable- Knowledge Of Computers. Prificiency in MS office. Experience- Minimum two year after essential Qualification. |
| **Total** | | **85** | **-** | **38** | **4** | **4** | **0** | **24** | **1** | **14** | **0** | **1** | |

नोट :–

1. **उक्त समस्त पद संविदा है।**
2. उक्त पदों पर नियमानुसार शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आरक्षण क्षैतिज व प्रवर्गवार महिलाओं/निशक्तजन के लिये आरक्षण लागू होगा। छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी विशेष आरक्षण नियम एवं शर्तें लागू होंगे।
3. विज्ञापन अनुरूप कुल रिक्तियों में छ.ग. के स्थानीय निवासी निःशक्त जनों के लिए पद आरक्षित है, आरक्षित पदो के विरूद्व (निःशक्त जन) पात्र आवेदन नही प्राप्त होने की दशा में, उक्त पदों को आरक्षण अनुसार भरा जावेगा।
4. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से तथा प्रमाण पत्र, विज्ञापन आवेदन के अंतिम दिवस/पूर्व को धारित होना अनिवार्य है।
5. विज्ञापित पदों में बैकलॉग पद शामिल है।

## भाग - ब

**आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–**

1. आवेदक आवेदन का प्रारूप जिले की वेबसाइट www.balod.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।
2. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण भरे आवेदनो को निरस्त करते हुए चयन प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा।
3. अभ्यर्थी द्वारा अलग–अलग पदों पर आवेदन करने की स्थिति में पदवार पृथक आवेदन व डी.डी. संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।
4. **प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा ''जिला स्वास्थ्य समिति बालोद'' या "District Health Society Balod" के नाम से डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) बनाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा।**
5. **डिमांड ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी पेंसिल से अपना पूरा नाम, आवेदित पदनाम अनिवार्य रूप से लिखे।**
6. बिना आवेदन शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से) एवं गलत नाम के डी.डी. वाले आवेदन को अपूर्ण माना जावेगा एवं भर्ती प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा।
7. आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार हैः–

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 25000 से कम मानेदय के पदो के लिये | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 25000 से अधिक मानेदय के पदो के लिये |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा/अ.ज.जा | 100 रू | 200 रू |
| अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 200 रू | 300 रू |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू | 400 रू |

8. निर्धारित समय सीमा में प्राप्त पात्र आवेदनों में से रिक्तयों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/परीक्षा/साक्षात्कार (मौखिक/लिखित)/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट हेतु बुलाया जावेगा।

## तालिका

| कमांक | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्कीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |

9. ऐसे समस्त पद जिसमें लिखित/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट लिया जावेगा, परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी नियुक्ति हेतु अपात्र रहेंगे।
10. परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट के समय आवेदन के साथ संलग्न किये गये समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जावेगी।
11. जिन विज्ञापित पदों में नर्सिंग/पैरामेडिकल कॉन्सिल में जीवित पंजीयन मांगा गया है उन पदों हेतु जीवित पंजीयन अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में अपात्र किये जावेंगे।
12. **आयु सीमा** – सभी पदो के लिए आयु 01/01/2023 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु से अधिक नहीं होनी चाहिये। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में की जावेगी। (संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण एवं अन्य शर्ते छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी सभी निर्देशो एवं नियम व शर्ते लागू होगे)।
13. **आवश्यक दस्तावेज :– आवेदक आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें :–**
    1. जन्म संबंधी प्रमाण पत्र, (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)।
    2. निर्धारित न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता अनुसार सभी वर्षो की अंकसूची/संबंधित डिग्री/इंटर्नशीप/पंजीयन प्रमाण पत्र।
    3. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)
    4. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय छत्तीसगढ़ मूल निवास प्रमाण पत्र।
    5. छ.ग. कॉन्सिल पंजीयन का जीवित प्रमाण पत्र जिन विशेष पदों हेतु लागू है संलग्न करना आवश्यक है।
    6. यदि दिव्यांग है तो (दिव्यांगता प्रमाण पत्र)
    7. अनुभव प्रमाण पत्र –
        A. जिन पदो में अनुभव मांगा गया है, अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय संस्थान एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों (यथा SHRC) या उपकम का ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी। अनुभव में अंकों की गणना एवं एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

        B. अनुभव विज्ञापित पद से संबंधित होने पर ही मान्य किया जावेगा, जिसके संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सर्वाधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।

        C. अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियोक्ता का नियुक्ति आदेश संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके बिना अनुभव के अंको की गणना नही की जावेगी।

        D. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र कमांक/एन.एच.एम/2018/591/922 रायपुर दिनांक 30.06.2018 के परिपालन में नर्सिंग अथवा ए.एन.एम. प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में (प्रतिवर्ष 04 अंक) अनुभव हेतु अंक दिया जावेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के संविदा ए.एन.एम. पदो के लिए उपरोक्त प्रावधान 31 दिसम्बर 2017 तक ए.एन.एम. पाठयकम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों के लिए ही लागू होगा। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

        E. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विज्ञापित ऐसे समस्त पद जिसमें अनुभव चाहा गया है अनुभव शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्य करने का प्रतिवर्ष 02 अंको के

मान से अधिकतम 10 अंक देय होगा। एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को पद से संबधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक अधिकतम 15 अंक दिया जावेगा।

F. अवर सचिव छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश क्र.–F1–67/2021/सत्रह–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07 दिसम्बर 2021 के आदेशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 6 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 अंकों का लाभ दिया जाना है। इसके अतिरिक्त अनुभव हेतु कुल अधिकतम अंक 10/15 प्रदाय किया जाना है। जिस हेतु एनएचएम/नान एनएचएम/एसडीआरएफ (कोविड–19)/डीएमएफ (कोविड–19) इत्यादि में से प्राप्त अधिकतम अनुभव अंक को ही लिया जावेगा। किसी भी दशा में 15 से अधिकतम अंक प्रदाय नही किया जावेगा, केवल शासन के निर्देशानुसार मितानिनों का अनुभव राज्य स्तर से होने पर अधिकतम 20 अंक दिये जाने का प्रावधान है।

G. कोविड 19 में कार्य किये जाने का बोनस अंक का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दिया जावेगा जिनके द्वारा कोविड 19 में कार्य करने की नियुक्ति आदेश की प्रति एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया हो।

H. चयन प्रक्रिया में निर्धारित अंक विवरण (Weightage)

| क्र. | पद | शैक्षणिक योग्यता | कौशल/लिखित/साक्षात्कार परीक्षा का अंक | अनुभव का अंक/कोरोना वैश्विक महामारी में कार्य करने का बोनस अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पद क्र. 01 से 16 व 25, 26 एवं 28 | 65 | 20 | 10/15 | 100 |
| 02 | पद क्र. 17 से 24 | 60 | 20 | 10/15/20 | 100 |
| 03 | पद क्र. 27, 29 एवं 30 | 85 | 0 | 10/15 | 100 |
| 04 | पद क्र. 31 | 80 | 05 अंक (कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा हेतु) | 15 | 100 |

14. **अंतिम चयन सूची :–**

**पद कमांक 01 से 16 एवं 25, 26 एवं 28 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 65 प्रतिशत अंक।
- कौशल/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10/15
  राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) तथा अन्य आवेदकों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) दिया जावेगा।
- कम्प्युटर से संबंधित कार्य के लिए कम्प्युटर में कौशल परीक्षा ली जावेगी।
  (अ) कम्प्युटर/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)
  (ब) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक+साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के अंक)

**पद कमांक 17 से 24 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 60 प्रतिशत अंक।
- कौशल/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10/15/20
  1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष),

2. ए.एन.एम./स्टाफ नर्स पद हेतु प्रशिक्षित मितानिन आवेदकों को अधिकतम 20 अंक, (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक, अधिकतम 05 वर्ष)
3. अन्य आवेदकों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) दिया जावेगा।

(अ) साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)

(ब) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक+साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के अंक)

**पद कमांक 27, 29 एवं 30 के लिए अंको का निर्धारण :-**

- विज्ञापन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव में प्राप्त अंक के आधार पर चयन किया जावेगा।

**पद कमांक 31 के लिए अंको का निर्धारण :-**

- शैक्षाणिक योग्यता में प्राप्तांको का 80 प्रतिशत अंक
- किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में डिग्री या डिप्लोमा – 5% Weightage
- स्वास्थ्य विभाग में समान कार्य अनुभव को 03 अंक प्रतिवर्ष के हिसाब से अधिकतम 15 अंक दिया जावेगा।
- मान्यता प्राप्त निजी संस्था से प्राप्त कार्यअनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को पात्र सूची में सम्मिलित किया जावेगा, किन्तु उन्हे अनुभव का अंक प्रदान नही किया जावेगा।

## भाग – स

## भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा निर्देश

15. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित है जिनकी भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 अनुरूप की जावेगी।
16. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जाँच की जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी।
17. संविदा मानदेय :- संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।
18. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2024 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि में नियमानुसार वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
19. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देनी होगी अन्यथा एक माह का वेतन जमा करना होगा।
20. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थीयों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जावेगी। जिन अभ्यर्थीयों की जन्म तिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होगे) प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।
21. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
22. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
23. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
24. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
25. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
26. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगा।
27. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने, जो भी पहले हो तक रहेगी।
28. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

29. आवेदकों को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
30. अभ्यार्थियों को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाएँ।
31. अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।
32. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
33. चयन उपरान्त सभी चयनित उम्मीदवारों को बॉण्ड भरना होगा कि वे अन्य जगहो पर आवेदन करने के लिए संबंधित अधिकारी से अनापति प्रमाण पत्र (NOC) लेंगे।
34. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा आधार पर कलेक्टर अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति का होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
35. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा सेवा समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।
36. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता का होगा।
37. आरक्षण – जिले में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।
38. दावा आपत्ति में अभ्यर्थियो द्वारा अलग से प्रस्तुत कोई भी अभिलेख/दस्तावेज मान्य नही किया जावेगा। पूर्व में आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के संबंध प्रस्तुत दावा ही मान्य किये जावेंगे।
39. प्रकाशित प्रारंभिक पात्र–अपात्र सूची का अवलोकन अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करे, अन्यथा दावा आपत्ति उपरांत किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
40. अभ्यर्थी समय–समय पर जिले के वेबसाईट **www.balod.gov.in** का अवलोकन करें। अभ्यर्थी दिये गये निर्धारित समयावधि उपरांत किसी भी अन्य माध्यम से प्रस्तुत दस्तावेज स्वीकार नही किये जावेगें।
41. पद क्र. **04, 05, 17, 19 (नर्सिंग ऑफिसर),** हेतु भिन्न भिन्न कार्यक्रम अनुरूप विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें अभ्यर्थी द्वारा पूरा पदनाम लिखा जावे अन्यथा आवेदन में केवल नर्सिंग ऑफिसर लिखा होने पर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा, इसी प्रकार पद क्र. **18, 20, 21, 24 (स्टॉफ नर्स)** एवं **06, 07, 26 (जुनियर सेकेट्रीयल असिस्टेंट) व पद कमांक 07, 08 (HWC Sangwari)** हेतु नियम लागू होगा।
42. पद क्र. **30** हेतु यदि प्राप्तांक ग्रेड में दर्शित हो तो ग्रेडिंग पद्धति संबंधी अंकसूची के साथ कुल पूर्णांक व प्राप्तांक एवं प्रतिशत से संबंधित सत्यापित (संस्था अधिकारी/प्रधानपाठक द्वारा सत्यापित) दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करने पर ही पात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।
43. आवेदित रिक्त पदनाम का स्पस्ट उल्लेख न होने पर, आवेदन निरस्त/अपात्र किया जावेंगा।
44. जिन विज्ञापित रिक्त पद में शैक्षणिक योग्यता "एक से अधिक" या "अथवा" के रूप में चाही गई हो उन पदों में अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक शैक्षणिक योग्यता संलग्न किये जाने पर केवल उच्च शैक्षणिक योग्यता को मान्य किया जावेगा।
45. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं चयन प्रक्रिया एवं परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट **www.balod.gov.in** पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नहीं दी जावेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–बालोद (छ.ग.)

# आवेदन पत्र

स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला–बालोद, (छ.ग.)

01. आवेदित पद का नाम :–..........................................................................
02. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) :–..........................................................................
(अग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–..........................................................................
03. पिता / पति का नाम :–..........................................................................
04. जन्मतिथि (अंको में) :–..........................................................................
शब्दों में :–..........................................................................
05. दिनांक 01 / 01 / 2023 की स्थति में आयु वर्ष .................... माह.................... दिन....................
06. रोजगार कार्यलाय का नाम :–..........................................................................
पंजीयन क्रमांक व दिनांक :–..........................................................................
07. वर्तमान पता : :–..........................................................................
:–..........................................................................
:–..........................................................................
मोबाइल नंबर :–..........................................................................
ई–मेल आईडी :–..........................................................................
08. स्थाई पता :–..........................................................................
:–..........................................................................
09. जाति–अना. / अजा / अजजा / अपिव :–..........................................................................
10. बैंक डिमांड ड्राफ्ट जारी करने वाले बैंक का नाम :–..........................................................................
10.1 बैंक डिमांड ड्राफ्ट क्रमांक .............................. दिनांक .............................. राशि ........................
11. लिंग (महिला / पुरूष) :–..........................................................................
12. क्या शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत है :–..........................................................................
13. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / वि.वि.नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड/वि.वि.नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

15. कार्यानुभव (यदि हो तो उल्लेख करें) :–

| क्र. | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

<u>संलग्न दस्तावेज की सूची</u>:–

1. ..........................................................................
2. ..........................................................................
3. ..........................................................................
4. ..........................................................................
5. ..........................................................................
6. ..........................................................................
7. ..........................................................................
8. ..........................................................................
9. ..........................................................................
10. ..........................................................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**

## <u>घोषणा पत्र</u>

"मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है तथा आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूं। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई जानकारी या सूचना गलत, असत्य, अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद हेतु मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है एवं मेरे विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है, जो मुझे मान्य होगी।"

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**स्थान...** ..................

**नाम** ————————————

**दिनांक**...................

**पता** ————————————